हर नजारा में श्याम को देखुं

हर स्वर में श्याम को सुनुं

तो

श्याम श्याम हो जाये सारा

श्याम श्याम हो जाये हमारा

तो

श्याम श्याम दौड के आये

श्याम श्याम से हम हो जाये श्यामा।

"Vibrant Pushti":

"वैकुंठ" कोई जा कर आया है?

श्री दयारामजी जा कर आये थे।

मेरे ख्याल से अभी भी कोई जा कर आये होंगे!

आप सर्वे से विनंती करता हूँ, अगर कोई आपके दर्शनमें, किसीके सानिध्य में आप हो तो हमें चोककस कहिये।

"Vibrant Pushti"

गोपी गीत भावार्थ सहित

कस्तूरी तिलकं ललाट पटले वक्ष: स्थले कौस्तुभं।

नासाग्रे वरमौक्तिकं करतले वेणु: करे कंकणं॥

भावार्थ:- हे श्रीकृष्ण! आपके मस्तक पर कस्तूरी तिलक सुशोभित है। आपके वक्ष पर देदीप्यमान कौस्तुभ मणि विराजित है, आपने नाक में सुंदर मोती पहना हुआ है, आपके हाथ में बांसुरी है और कलाई में आपने कंगन धारण किया हुआ है।

सर्वांगे हरि चन्दनं सुललितं कंठे च मुक्तावली।

गोपस्त्रीपरिवेष्टितो विजयते गोपाल चूडामणि:॥

भावार्थ:- हे हरि! आपकी सम्पूर्ण देह पर सुगन्धित चंदन लगा हुआ है और सुंदर कंठ मुक्ताहार से विभूषित है, आप सेवारत गोपियों के मुक्ति प्रदाता हैं, हे गोपाल! आप सर्व सौंदर्य पूर्ण हैं, आपकी जय हो।

जयति तेऽधिकं जन्मना ब्रजः श्रयत इन्दिरा शश्वदत्र हि।

दयित दृश्यतां दिक्षु तावका स्त्वयि धृतासवस्त्वां विचिन्वते॥ (१)

भावार्थ:- हे प्रियतम प्यारे! तुम्हारे जन्म के कारण वैकुण्ठ आदि लोको से भी अधिक ब्रज की महिमा बढ गयी है, तभी तो सौन्दर्य और माधुर्य की देवी लक्ष्मी जी स्वर्ग छोड़कर यहाँ की सेवा के लिये नित्य निरन्तर यहाँ निवास करने लगी हैं। हे प्रियतम! देखो तुम्हारी गोपीयाँ जिन्होने तुम्हारे चरणों में ही अपने प्राण समर्पित कर रखे हैं, वन-वन मे भटककर तुम्हें ढूँढ़ रही हैं। (१)

शरदुदाशये साधुजातसत् सरसिजोदरश्रीमुषा दृशा।

सुरतनाथ तेऽशुल्कदासिका वरद निघ्नतो नेह किं वधः॥ (२)

भावार्थ:- हे हमारे प्रेम पूरित हृदय के स्वामी! हम तुम्हारे बिना मोल की दासी हैं, तुम शरद ऋतु के सुन्दर जलाशय में से चाँदनी की छटा के सौन्दर्य को चुराने वाले नेत्रों से हमें घायल कर चुके हो। हे प्रिय! अस्त्रों से हत्या करना ही वध होता है, क्या इन नेत्रों से मारना हमारा वध करना नहीं है। (२)

विषजलाप्ययाद् व्यालराक्षसाद्वर्षमारुताद् वैद्युतानलात्।

वृषमयात्मजाद् विश्वतोभया दृषभ ते वयं रक्षिता मुहुः॥ (३)

भावार्थ:- हे पुरुष शिरोमणि! यमुना जी के विषैले जल से होने वाली मृत्यु, अज़गर के रूप में खाने वाला अधासुर, इन्द्र की बर्षा, आकाशीय बिजली, आँधी रूप त्रिणावर्त, दावानल अग्नि, वृषभासुर और व्योमासुर आदि से अलग-अलग समय पर सब प्रकार भयों से तुमने बार-बार हमारी रक्षा की है। (३)

न खलु गोपिकानन्दनो भवानखिलदेहिनामन्तरात्मदृक्।

विखनसार्थितो विश्वगुप्तये सख उदेयिवान् सात्वतां कुले॥ (४)

भावार्थ:- हे हमारे परम-सखा! तुम केवल यशोदा के पुत्र ही नहीं हो, तुम तो समस्त शरीर धारियों के हृदय में अन्तर्यामी रूप से रहने वाले साक्षी हो। हे सखा! ब्रह्मा जी की प्रार्थना से विश्व की रक्षा करने के लिये तुम यदुवंश में प्रकट हुए हो। (४)

विरचिताभयं वृष्णिधुर्य ते चरणमीयुषां संसृतेर्भयात्।

करसरोरुहं कान्त कामदं शिरसि धेहि नः श्रीकरग्रहम्॥ (५)

भावार्थ:- हे यदुवंश शिरोमणि! तुम अपने प्रेमियों की अभिलाषा को पूर्ण करने में सबसे आगे रहते हो, जो लोग जन्म-मृत्यु रूप संसार के चक्कर से डरकर तुम्हारे चरणों की शरण ग्रहण करते हैं, उन्हे तुम्हारे करकमल अपनी छत्र छाया में लेकर अभय कर देते हैं। सबकी लालसा-अभिलाषा को पूर्ण करने वाला वही करकमल जिससे तुमने लक्ष्मी जी का हाथ पकड़ा है। हे प्रिय! वही करकमल हमारे सिर पर रख दो। (५)

व्रजजनार्तिहन्वीर योषितां निजजनस्मयध्वंसनस्मित।

भज सखे भवत्किंकरीः स्म नो जलरुहाननं चारु दर्शय॥ (६)

भावार्थ:- हे वीर शिरोमणि श्यामसुन्दर! तुम तो सभी ब्रजवासियों के दुखों को दूर करने वाले हो, तुम्हारी मन्द-मन्द मुस्कान की एक झलक ही तुम्हारे प्रेमीजनों के सारे मान मद को चूर-चूर कर देने के लिये पर्याप्त है। हे प्यारे सखा! हम से रूठो मत, प्रेम करो, हम तो तुम्हारी दासी हैं, तुम्हारे चरणों में निछावर हैं, हम अबलाओं को अपना वह परम सुन्दर साँवला मुखकमल दिखलाओ। (६)

प्रणतदेहिनां पापकर्शनं तृणचरानुगं श्रीनिकेतनम्।

फणिफणार्पितं ते पदांबुजं कृणु कुचेषु नः कृन्धि हृच्छयम्॥ (७)

भावार्थ:- तुम्हारे चरणकमल शरणागत प्राणीयों के सारे पापों को नष्ट कर देते हैं, लक्ष्मीजी सौन्दर्य और माधुर्य की खान हैं, वह जिन चरणों को अपनी गोद में रखकर निहारा करती हैं, वह कोमल चरण बछड़ों के

पीछे-पीछे चल रहे हैं, उन्ही चरणों को तुमने कालियानाग के शीश पर धारण किया था, तुम्हारी विरह की वेदना से हृदय संतप्त हो रहा है, तुमसे मिलन की कामना हमें सता रही है। हे प्रियतम! तुम उन शीतलता प्रदान करने वाले चरणों को हमारे जलते हुए वक्ष:स्थल पर रखकर हमारे हृदय की आग्नि को शान्त कर दो। (७)

मधुरया गिरा वल्गुवाक्यया बुधमनोज्ञया पुष्करेक्षण।

विधिकरीरिमा वीर मुह्यतीरधरसीधुनाऽऽप्याययस्व नः॥ (८)

भावार्थ:- हे कमलनयन! तुम्हारी वाणी कितनी मधुर है, तुम्हारा एक-एक शब्द हमारे लिये अमृत से बढ़कर मधुर हैं, बड़े-बड़े विद्वान तुम्हारी वाणी से मोहित होकर अपना सर्वस्व निछावर कर देते हैं। उसी वाणी का रसास्वादन करके तुम्हारी आज्ञाकारिणी हम दासी मोहित हो रहीं है। हे दानवीर! अब तुम अपना दिव्य अमृत से भी मधुर अधर-रस पिलाकर हमें जीवन दान दो। (८)

तव कथामृतं तप्तजीवनं कविभिरीडितं कल्मषापहम्।

श्रवणमङ्गलं श्रीमदाततं भुवि गृणन्ति ते भूरिदा जनाः॥ (९)

भावार्थ:- हे हमारे स्वामी! तुम्हारी कथा अमृत स्वरूप हैं, जो विरह से पीड़ित लोगों के लिये तो वह जीवन को शीतलता प्रदान करने वाली हैं, ज्ञानीयों, महात्माओं, भक्त कवियों ने तुम्हारी लीलाओं का गुणगान किया है, जो सारे पाप-ताप को मिटाने वाली है। जिसके सुनने मात्र से परम-मंगल एवं परम-कल्याण का दान देने वाली है, तुम्हारी लीला-कथा परम-सुन्दर, परम-मधुर और कभी न समाप्त होने वाली हैं, जो तुम्हारी लीला का गान करते हैं, वह लोग वास्तव में मत्यु-लोक में सबसे बड़े दानी हैं। (९)

प्रहसितं प्रिय प्रेमवीक्षणं विहरणं च ते ध्यानमङ्गलम्।

रहसि संविदो या हृदिस्पृशः कुहक नो मनः क्षोभयन्ति हि॥ (१०)

भावार्थ:- हे हमारे प्यारे! एक दिन वह था, तुम्हारी प्रेम हँसी और चितवन तथा तुम्हारी विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाओं का ध्यान करके हम आनन्द में मग्न हो जाया करतीं थी। हे हमारे कपटी मित्र! उन सब का ध्यान करना भी मंगलदायक है, उसके बाद तुमने एकान्त में हृदयस्पर्शी ठिठोलियाँ की और प्रेम की बातें की, अब वह सब बातें याद आकर हमारे मन को क्षुब्ध कर रही हैं। (१०)

चलसि यद्व्रजाच्चारयन्पशून् नलिनसुन्दरं नाथ ते पदम्।

शिलतृणाङ्कुरैः सीदतीति नः कलिलतां मनः कान्त गच्छति॥ (११)

भावार्थ:- हमारे प्यारे स्वामी! तुम्हारे चरण कमल से भी कोमल और सुन्दर हैं, जब तुम गौओं को चराने के लिये ब्रज से निकलते हो तब यह सोचकर कि तुम्हारे युगल चरण कंकड़, तिनके, घास, और काँटे चुभने से कष्ट पाते होंगे तो हमारा मन बहुत वेचैन हो जाता है। (११)

दिनपरिक्षये नीलकुन्तलैर्वनरुहाननं बिभ्रदावृतम्।

घनरजस्वलं दर्शयन्मुहुर्मनसि नः स्मरं वीर यच्छसि॥ (१२)

भावार्थ:- हे हमारे वीर प्रियतम! दिन ढलने पर जब तुम वन से घर लौटते हो तो हम देखतीं हैं, कि तुम्हारे मुखकमल पर नीली-नीली अलकें लटक रहीं है और गौओं के खुर से उड़-उड़कर घनी धूल पड़ी हुई है। तुम अपना वह मनोहारी सौन्दर्य हमें दिखाकर हमारे हृदय को प्रेम-पूरित करके मिलन की कामना उत्पन्न करते हो। (१२)

प्रणतकामदं पद्मजार्चितं धरणिमण्डनं ध्येयमापदि।

चरणपङ्कजं शंतमं च ते रमण नः स्तनेष्वर्पयाधिहन्॥ (१३)

भावार्थ:- हे प्रियतम! तुम ही हमारे सारे दुखों को मिटाने वाले हो, तुम्हारे चरणकमल शरणागत भक्तों की समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाली हैं, इन चरणों के ध्यान करने मात्र से सभी ब्याधायें शान्त हो जाती हैं। हे प्यारे! तुम अपने उन परम-कल्याण स्वरूप चरणकमल हमारे वक्षःस्थल पर रखकर हमारे हृदय की व्यथा को शान्त कर दो। (१३)

सुरतवर्धनं शोकनाशनं स्वरितवेणुना सुष्ठु चुम्बितम्।

इतररागविस्मारणं नृणां वितर वीर नस्तेऽधरामृतम्॥ (१४)

भावार्थ:- हे वीर शिरोमणि! आपका अधरामृत तुम्हारे स्मरण को बढ़ाने वाला है, सभी शोक-सन्ताप को नष्ट करने वाला है, यह बाँसुरी तुम्हारे होठों से चुम्बित होकर तुम्हारा गुणगान करने लगती है। जिन्होने इस अधरामृत को एक बार भी पी लिया तो उन लोगों को अन्य किसी से आसक्तियों का स्मरण नहीं रहता है, तुम अपना वही अधरामृत हम सभी को वितरित कर दो। (१४)

अटति यद्भवानह्नि काननं त्रुटिर्युगायते त्वामपश्यताम्।

कुटिलकुन्तलं श्रीमुखं च ते जड उदीक्षतां पक्ष्मकृद्दृशाम्॥ (१५)

भावार्थ:- हे हमारे प्यारे! दिन के समय तुम वन में विहार करने चले जाते हो, तब तुम्हें देखे बिना हमारे लिये एक क्षण भी एक युग के समान हो जाता है, और तुम संध्या के समय लौटते हो तथा घुंघराली अलकावली से युक्त तुम्हारे सुन्दर मुखारविन्द को हम देखती हैं, उस समय हमारी पलकों का गिरना हमारे लिये अत्यन्त कष्टकारी होता है, तब ऎसा महसूस होता है कि इन पलकों को बनाने वाला विधाता मूर्ख है। (१५)

पतिसुतान्वयभ्रातृबान्धवानतिविलङ्घ्य तेऽन्त्यच्युतागताः।

गतिविदस्तवोद्गीतमोहिताः कितव योषितः कस्त्यजेन्निशि॥ (१६)

भावार्थ:- हे हमारे प्यारे श्यामसुन्दर! हम अपने पति, पुत्र, सभी भाई-बन्धु और कुल परिवार को त्यागकर उनकी इच्छा और आज्ञाओं का उल्लंघन करके तुम्हारे पास आयी हैं। हम तुम्हारी हर चाल को जानती हैं, हर संकेत को समझती हैं और तुम्हारे मधुर गान से मोहित होकर यहाँ आयी हैं। हे कपटी! इसप्रकार रात्रि को आयी हुई युवतियों को तुम्हारे अलावा और कौन छोड़ सकता है। (१६)

रहसि संविदं हृच्छयोदयं प्रहसिताननं प्रेमवीक्षणम्।

बृहदुरः श्रियो वीक्ष्य धाम ते मुहुरतिस्पृहा मुह्यते मनः॥ (१७)

भावार्थ:- हे प्यारे! एकान्त में तुम मिलन की इच्छा और प्रेमभाव जगाने वाली बातें किया करते थे, हँसी-मजाक करके हमें छेड़ते थे, तुम प्रेम भरी चितवन से हमारी ओर देखकर मुस्करा देते थे। तुम्हारा विशाल वक्ष:स्थल, जिस पर लक्ष्मीजी नित्य निवास करती हैं। हे प्रिय! तब से अब तक निरन्तर हमारी लालसा बढ़ती ही जा रही है और हमारा मन तुम्हारे प्रति अत्यधिक आसक्त होता जा रहा है। (१७)

व्रजवनौकसां व्यक्तिरङ्ग ते वृजिनहन्त्र्यलं विश्वमङ्गलम्।

त्यज मनाक् च नस्त्वत्स्पृहात्मनां स्वजनहृद्रुजां यन्निषूदनम्॥ (१८)

भावार्थ:- हे प्यारे! तुम्हारी यह अभिव्यक्ति ब्रज-वनवासियों के सम्पूर्ण दुख-ताप को नष्ट करने वाली और विश्व का पूर्ण मंगल करने के लिये है। हमारा हृदय तुम्हारे प्रति लालसा से भर रहा है, कुछ ऎसी औषधि प्रदान करो जो तुम्हारे भक्तजनों के हृदय-रोग को सदा-सदा के लिये मिटा दे। (१८)

यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहं स्तनेषु भीताः शनैः प्रिय दधीमहि कर्कशेषु।

तेनाटवीमटसि तद्व्यथते न किंस्वित् कूर्पादिभिर्भ्रमति धीर्भवदायुषां नः॥ (१९)

भावार्थ:- हे श्रीकृष्ण! तुम्हारे चरण कमल से भी कोमल हैं, उन्हे हम अपने कठोर स्तनों पर भी डरते-डरते बहुत धीरे से रखती हैं, जिससे आपके कोमल चरणों में कहीं चोट न लग जाये, उन्हीं चरणों से तुम रात्रि के समय घोर जंगल में छिपे हुए भटक रहे हो, क्या कंकण, पत्थर, काँटे आदि की चोट लगने से आपके चरणों मे पीड़ा नहीं होती? हमें तो इसकी कल्पना मात्र से ही अचेत होती जा रही हैं। हे प्यारे श्यामसुन्दर! हे हमारे प्राणनाथ! हमारा जीवन तुम्हारे लिये है, हम तुम्हारे लिये ही जी रहीं है, हम सिर्फ तुम्हारी ही हैं। (१९)

"Vibrant Pushti"

"वैकुंठ" श्री दयारामजी तो जा कर आये थे। और अभी श्री श्री रविशंकरजी और श्री प्रमुखस्वामि महाराज जा कर आये है।

"वैकुंठ" का अनुभूति अर्थ है - जहां किसी भी प्रकार का वितर्क न हो, संशय न हो, अशुद्धियाँ न हो, अविद्या न हो।

जहां केवल विशुद्धता हो, पवित्रता हो, सौंदर्यता हो, परमानंद हो।

यही स्थली "वैकुंठ" है।

"Vibrant Pushti"

"दीनता" मनुष्य जीवन का एक अलौकिक आभूषण। इनको धारण करने से श्रीदयानिधि या ने श्रीप्रभु हमारे निकट आते है।

"दीनता" को धारण करने के लिये हमें हमारे दोषों को अति सूक्ष्मता से दूर करने होते है। यह दोष कैसे दूर करते है?

यह दोषों केवल श्री प्रभु दर्शन, स्मरण, सेवा और योग्य साक्षरता से होता है।

जैसे योग्य साक्षरता जागृत होती है, वैसे श्रीप्रभु कृपा भी बरसती है। अपने में दैन्य भाव जागृत होता है, यही भाव कि द्रढ़ता हममें दीनता प्रदान करती है।

हम धन्य हो जाते है।

"Vibrant Pushti"

आज एकादशी है। एक सत्य आप सर्वे के चरण में रख रहा हूँ।

मंदिर, सेवा, यज्ञ, धार्मिक अनुष्ठान में हम

श्री प्रभु मूर्ति, चित्रजी, या कोई विग्रह कि स्थापना, पूजा, अर्चना, अभिषेक करते है।

क्या वह कभी प्रकट हुए?

ना।

क्यूं नही हुए?

सर्व कहते है यह श्रद्धा, निष्ठा, और विश्वास की अनुभूति है।

ठीक है। थोडा सत्य है।

हमें तो पूर्ण सत्य और प्रमाणित सत्य से प्रकट करके स्थापना, पूजा, अर्चना, अभिषेक करना है।

अवश्य कर सकते है।

हम सर्वे से विनंती करते है, अपने महाराज के पास से समझ के हमें कहो।

हम सर्वे को कहते है कि हम सर्वे श्रीप्रभु का साक्षात्कार जतायेंगे।

"Vibrant Pushti"

"प्रेम" क्या है? क्यूँ है? कैसा है? क्यूँ करते है?

नहीं नहीं इसके लिए न कोई प्रश्न है।

है है और है।

न कोई देख सकता है, न कोई कहे सकता है, न कोई पहचान करा सकता है।

न कोई तोड सकता है, न कोई छोड सकता है, न कोई भूल सकता है। न कोई दुख होता है, न सुख होता है, न कोई भाव है, न कोई संदेह है, न कोई अधिकार है, न किसीका होता है, न किसीका हो सकता है, न कोई प्रमाण है।

न कोई मोह होता है, न कोई स्वार्थ होता है, न कोई व्यवहार है, न कोई पद्धति है। न कोई तन से छूता है, न कोई मन से छूता है, न कोई इंद्रियों से छूता है, केवल आत्मीय ज्योति से ही स्पर्शता है।

न इसे काल का बंधन है, न कोई माया का बंधन है, प्रेम तो सर्वत्र व्याप्त है, सर्वज्ञ है।

निडर है, विशुद्ध है, निर्मल है, विश्वास है,

जीव सृष्टि की यह ऐसी रचना है जो केवल अनुभूत कर सकते है और सत्य से स्पर्श कर सकते है। प्रेम सदा साथ ही होता है - याद से, विचार से, अक्षर से, प्रकृति से। यह अप्राकृत सत्य ही हम हमारा जीवन को आनंदमय कर सकते है।

यह आकाश प्रेम है, यह धरती प्रेम है, यह सूर्य प्रेम है, यह सागर प्रेम है, यह वनस्पति प्रेम है, यह संगीत प्रेम है, हर तत्व प्रेम है।

"Vibrant Pushti"

क्या सोचते है पल पल

क्या करते है हर पल

क्या कभी ऐसा किया है कोई पल

की "कान्हा" क्या करता है हर पल?

नहीं करते है हम ऐसे हर पल

क्यूँकी करते है मन मानी हर पल

तो "कान्हा क्यूँ करे हमारा हर पल!

"Vibrant Pushti"

परम सत्य कहते है।

हम हर अक्षर के भिन्न अर्थ करते है।

हम हर विचार के अलग अलग अर्थ करते है।

हम हर नजर के अलग अलग अर्थ करते है।

हम तो हर स्पर्श का अलग अलग अर्थ करते है।

हम हर क्रिया का अलग अलग अर्थ करते है।

तो क्या समझ पायेंगे? कैसे समझ पायेंगे? और कैसे कर पायेंगे?

हमें सही में जीना है और समझना है तो जो योग्य और सत्य है वोही समझे और करे तो बहुत कुछ पहचानेंगे।

यही कर्म की रीत है।

"Vibrant Pushti"

याद वही है जो याद है।

याद वही आता है जिसे हम याद करते है।

याद यु ही बहती है जहां तक हम याद करते है।

याद ही पुकारती है जो हमें पुकारते है।

याद से याद जागती है।

याद से मिलन होता है।

याद औषधि है जो अंतर रोग मिटाता है।

याद से जो प्रकट होता है वह अमूल्य है।

याद में दूरी ही नहीं है।

याद से जो मिलता है वह सामने हो कर भी नही मिलता।

याद से जुडते है वह तुटते नही।

याद खुद ही एक गहरा रिश्ता है।

याद में जो खो जाते है वह समाधि में डूबते है।

याद से कुछ पाते ही है, खोते नही है।

याद से कहीं सर्जन होते है।

याद से संकल्प बळ खिलता है।

याद से सिंचन होता है।

याद मे संस्कृति खिलती है।

याद मोह, माया से परे है।

याद हमारी पहचान है।

याद वेदना है पर सांत्वना भी है।

याद बरसती है और तरसती भी है।

याद रास्ता है और मुसाफिर भी है।

याद पल है।

याद है तो क्या नहीं है?

"Vibrant Prushti"

पलके खुलते ही हम चित्रजी या कोई तस्वीर का दर्शन करते है या देखते है।

क्यूं? क्या कुछ पाते है या कुछ अनुभव करते है?

अपनी आंतरिकता से ही कहना।

क्यूँ की हम हर रोज कितने ही चित्रजी या तस्वीर का दर्शन करते है या देखते है।

नये नये चित्रजी या नयी नयी तस्वीरें क्या संकेत करती है? क्या कुछ जागता है या ऐसे ही?

हिन्दु संस्कृति में यह प्रणाली को क्या समझते है?

"Vibrant Pushti"

श्री नाथजी नाथजी स्मरण धरो

श्री नाथजी नाथजी नाम भजो

जीवन में कहीं प्रकार की जीने की रीत है, कहीं प्रकार के संजोग है, कहीं प्रकार के नीति नियम है, कहीं प्रकार के विचारों है, कहीं प्रकार की क्रियायें है, कहीं प्रकार के समाज है, कहीं प्रकार की संस्कृति है, कहीं प्रकार के धर्म है।

क्यूं ऐसा? इसलिये क्या क्या होता है?

क्या इसके लिए क्या करे कि जिससे सब शांती से जीये, आनंद में जीये?

"Vibrant Pushti"

" राधा कृष्ण "

" श्यामा श्याम "

यह ब्रह्मांड में कहीं प्रकार के स्पंदन होते है, हम वहीँ प्रकार के स्पंदन आकृष्ट करते है जो स्पंदन हम घडते है या वह स्पंदन के हम है।

यह स्पंदन हमें कहीं कहीं प्रकार के कहीं कहीं से मिलते है। हमारा स्पंदन कोई पाता है और हम भी कितने स्पंदन पाते है।

स्पंदन की पहचान उन्हें ही होती है जिसे खुद की पहचान होती है। वह कहीं से भी खुद के लिये चाहिए इतना स्पंदन पा सकता है और दे भी सकता है। स्पंदन हमारे जीवन का अभिन्न तरंग है।

"Vibrant Pushti"

श्याम से मोहब्बत है

बारिश क्यु मेरे अश्रु की एक बूंद ही काफी है।

श्याम से मोहब्बत है

सूरज नहीं है तो क्या मेरी आत्म ज्योत ही काफी है।

श्याम से मोहब्बत है

सांस तो क्या मेरे प्रीत की महेंक ही काफी है।

"Vibrant Pushti"

कहीं रीते, कहीं विडंबनाये, कहीं तकलीफों, कहीं मुसीबतों, कहीं परिस्थितियां, कहीं विचारों, कहीं असमंजसे, कहीं रास्ते, कहीं सूचनाएं, कहीं मार्गदर्शके, कहीं निर्णये, कहीं निर्देशे। क्यूँ?

क्या यही है जिन्दगी?

बस यहीं में ही जीना?

क्या यही है ये जीवन?

यही है हमारी पहचान?

यही है हमारा उद्देश्य?

यही है हमारा लक्ष्य?

नहीं।

हम तो सरलता करने है।

हम तो निर्मलता करने है।

हम तो समांतर करने है।

हम तो संयोजन करने है।

हम तो योग्यता करने है।

हम तो जागृतता करने है।

हम तो साथ साथ करने है।

हम तो एकात्मता करने है।

हम तो आनंद करने है।

"Vibrant Pushti"

"वल्लभ" यह नाम नहीं है,

यह सर्वज्ञता है।

सामर्थ्यता है।

सर्वथा है।

विशुद्धता है।

अद्वैत है।

"वल्लभ" का अर्थ है आनंद।

जो "वल्लभ" के है वह कौन है?

"Vibrant Pushti"

हमें श्री प्रभु प्रत्ये प्रीति क्यूँ?

हम कोई प्रत्यक्ष और योग्यता को प्रीत करे तो अनुचित और अप्रत्यक्ष को प्रीत करे तो उचित। यह समझ क्यूँ?

"Vibrant Pushti"

हमें श्रीप्रभु प्रत्ये प्रीति इसलिये है कि श्रीप्रभु हमें प्रीत करते है, हम अनेक है पर वह हमसे समांतर प्रीत करते है। अप्रत्यक्ष होते हुए भी करते है और हमें बार बार उसकी अनुभूति होती है - प्रकृति द्वारा। हर पल हमें कुछ न कुछ रीत से तो स्पर्श करता ही है।जैसे कहीं प्रकार के संकेत, विचार, जागृतता।

फूलों के रंग, फूलों की महक, जल की तरंग, हवा की लहरें, संगीत की धुन, चंद्र की शीतलता, सूर्य की किरणें, क्या है यह - अप्रत्यक्ष प्रीत है। एक एहसास है, एक संतोष है, एक आनंद की अनुभूति है।

सच में यह कैसी रीत है जो बिना कहे हम पीते है, हमारा संपूर्ण ख्याल। हर पल पुकारे - तु मेरा, तु मेरा। न कभी कोई खेवना - केवल विशुद्धता।

क्यूँ ऐसा - क्यूँकि वह हमसे है और हम उनसे है। वह सदा मैं न मैं हूँ - तुम न तुम हो - बस केवल हम है।

ओहह! अलौकिक!

कितनी अनोखी प्रीत!

हमारी अशुद्धियाँ को विशुद्ध करना

हमारे अवगुणों को सुधारना।

जगत के अवगुणों से रक्षा करना।

हमारी संस्कृति को जागृत करना।

हमसे न कभी बिछडना या मूंह मोडना। सदा साथ और विश्वास।

हमारे लिये प्रत्यक्ष होना।

ओहह! मेरे श्रीप्रभु! मेरे प्रियवर! मेरे प्रियतम!

मेरे लिये विभु से लघु होना।

मेरे स्व में भाव जगा के भक्त में परिवर्तन करना।

श्रीप्रभु अब नहीं सहा जाता।

कबतक - जबतक तुम्हें मुझमें न समाऊं।

ओहहह! प्रणाम!

श्री वल्लभ प्रणाम!

हे कृष्णा! हे कृष्णा!

"Vibrant Pushti"

बांसुरी से निकला दर्द केवल राधा ने सुना है, अगर हम सुन लेते तो कैसे होते?

"Vibrant Pushti"

"मित्रता" एक ऐसा सत्य है जो केवल और केवल सच्चे साथी हो।

कहीं बार सुना और पढा कि मित्र

दुख में साथ दे वह मित्र।

मुसीबतों में साथ खडा रहे वह मित्र।

तकलीफों को दूर करे वह मित्र।

जीवन सागर में डूबते हुए को सहारा दे वह मित्र।

कैसी भी विडंबना या परिस्थिति आये वह सदा पास हो वह मित्र।

खुद को मिटा दे वह मित्र।

ओहहह!

नहीं नहीं यह योग्य नहीं है।

"मित्रता"

अज्ञान में ज्ञान का सिंचन करे वह मित्र।

भटके हुए है तो सही रास्ते पर लाये वह मित्र।

सदा निर्दोष और निखालस हो वह मित्र।

मानसिक दुख में योग्यता समझायें वह मित्र।

भूले को सही रास्ता दिखाये वह मित्र।

पवित्र दृष्टि और निस्वार्थ वृत्ति हो वह मित्र।

असमंजस ना जताये, ना फैलाये और सही मार्गदर्शन करे वह मित्र।

जीवन की राह में सदा समांतर योग्यता का माध्यम हो वह मित्र।

सदा मित्रता के संबंध की महेंक फैलाये वह मित्र।

"Vibrant Pushti"

" हे मेरे मित्र "

याद करना, याद आना, यादों में रहना, यादों में खो जाना।

क्या है यह? क्यूँ है यह?

यह जीवन की ऐसी रीत है, जीवन की ऐसी प्रक्रिया है, जीवन की ऐसी प्रकृति है जिसमें हमारी कहानी है, कहीं धारा है, जिसमें हमारा बहुत कुछ है। याद हमारी धरोहर है। यादों में जीना यह एक शक्ति है, प्रेरणा है, सहारा है।

याद के बिना जीवन नहीं है।

याद प्रार्थना है,

याद सिंचन है,

याद महेंक है,

याद भक्ति है,

याद निर्माण है,

याद संबंध है,

याद है तो शास्त्र है,

याद है तो ज्ञान है,

याद प्रीत है।

याद है तो ईश्वर है, याद है तो हम है, याद है तो सृष्टि है।

"Vibrant Pushti"

हर अक्षर छूता है आत्मा को,

हर विचार छूते है आत्मा को,

हर सांस छूती है आत्मा को।

पर नहीं छूती ऐसी लागणी जो हम समाज के साथ और सामने जताते है।

हम खुद को खबर हो कर समाज को बेखबर करें तो हम भी कैसे और हमारा समाज भी कैसा?

जो भी करे जब भी करे हमें अवश्य छूता ही है - मन से, तन से और जीवन से।

आत्मा को छू ने हमें ही करना होता है। जो हर अक्षर से जागता है,

हर विचार से संकल्पित होता है,

जो सांस के परिवर्तन से छूता है।

"Vibrant Pushti"

ऐसे ही गरमी के दिन थे और राधाजी सोचने लगी कि कान्हा ऐसी धूप में खुद और गैया को भी चराता है, कैसा हाल होगा?

राधाजी अति व्याकुल हो गयी और तन मन में अजीब अजीब सा ख्याल करने लगी।

वह खुद निकल पडी गौचारण की जगह, तलाश करके थक गयी न मिला कान्हा और न मिली गौवे।

एक पैड के नीचे इंतजार करके बैठी बैठी पलके झुकाली।

थोडी देर में कान्हा गौवे के साथ वहां से जा रहा था और उनकी नजर राधाजी को छू गई, ओहहह!

राधा! यहाँ!

दौड के उनके पास पहुंचा तो नयनों भीगे थे और मुखडा फीका था।

कान्हा समज गया की यह मुझे ढूंढने आयी है। तुरंत अपने दुपट्टे से थंडी लहरें लहराने लगा, इतने में राधाजी ने करवट ली और कान्हा की नजर राधाजी के पैर पर अटक गई। ओहहह! कितने कोमल है यह चरन और मेरे लिये ऐसी धूप में! वह सहमा गया और तडपने लगा, उनके तन में अगन जलने लगी।

इतने में एक पंखी आया और राधाजी के चरनों को छू के उड गया। कान्हा की नजर तो चरनों पर ही टिकी थी, राधाजी के चरनों को चैन मिल गया और कान्हा को छूने का मन हो गया, पर सोचने लगा जैसे छूएं और राधा की नींद तूट जाये! बस यूँ ही बैठा रहा और बैठते बैठते नयनों से आंसू बहने लगे। बहते बहते राधाजी के चरनों को छू गया और राधाजी की पलकें खुल गयी, ओहहह! कान्हा! बैठ गयी कंधे से जोड कर कहा..... कान्हा! क्यूँ यह आंसू? इतनी धूप में तुम और तुम्हारी गैया! मुझसे सहा नहीं जाता है, कुछ करो।

कान्हा ने कहा यही है हम और यही है हमारा जीवन।

राधाजी ने कहा क्यूँ ऐसा कहते हो?

कान्हा ने कहा - हे राधा! तुम तो मेरे लिए हो पर यह गौवें के लिये कौन? उनके लिये तो मैं ही हूँ।

राधाजी ने कहा - नहीं नहीं! यह गौवें के लिये मैं भी हूँ।

कान्हा ने कहा कैसे?

तो राधाजी ने कहा यह पल से यह गौचारण की सर्वे स्थली पर हम हमारा आँचल बिछाते है, जहाँ भी यह गौ पहुंचे वहाँ मेरा आँचल।

तब से यह गैया अमृत हो गई।

और सारे देवताओं उनमें अपना स्थान बना कर सदा अमृत पान करते है।

मोहे वास सदा वृन्दावन कौ , मैं नित उठ जमुना पुलिन नहाऊँ ।

गिरि गोवर्धन की दऊँ परिकम्मा , दर्शन कर जीवन सफल बनाऊँ ॥

सेवाकुंज की करूँ आरती , ब्रज की रज में ही मिल जाऊं ।

ऐसी कृपा करो श्री स्वामिनी , वृन्दावन छोड़ बाहर नहिं जाऊं ॥

"Vibrant Pushti"

कान्हा मेरी गाँव में पैर रख कर टीपी देख तुम क्या महेसूस करते हो?

कान्हा मे विस्तार में पैर रख कर तो देख तुम क्या देखते हो?

कान्हा मेरी गली में पैर रख कर तो देख तुम क्या पाते हो?

कान्हा मेरे घर में पैर रख कर तो देख तुम क्या छूते हो?

कान्हा मेरी चौखट पर पैर रख कर तो देख तुम्हारा क्या स्वागत हो?

कान्हा मेरे नयन के सामने आ कर तो देख तुम क्या पीते हो?

कान्हा मेरे तन को स्पर्श करके तो देख तुम क्या अनुभवते हो?

कान्हा मेरे दिल में बिराज कर तो देख तुम कहां कहां बसे हो?

कान्हा मेरे चरण को छू के देख तुम क्या सुनते हो?

"Vibrant Pushti"

"तिलक" क्या है? क्यूँ है? और कौन कर सकता है?

"तिलक" ऐक सीमाचिह्न है।

यह चिह्न जो भी करे वह खुद का चारित्र्य, सामर्थ्य, सिद्धी, और संस्कृति का प्रतीक है।

"तिलक" सामर्थ्य है, साक्षर है, शुद्ध है, विशाल है, प्रगाढ ज्ञानी है, निर्मल भाव है, विशुद्ध चरित्र है, वंदनीय संस्कार है, सदा समर्पित जीवन है, योग्य शिक्षा प्रदान है।

आज के कोई हम जो समझते है, मानते है वह बालकों में नहीं है।

"तिलक" हम हमारी खुदकी संस्कृति, सभ्यता, साक्षरता, योग्यता, सामर्थ्यता, चारित्र्यता पर कर सकते ही है।

"तिलक" अपने ललाट में श्रीप्रभु के चरण चिह्न है, वह जागृत करना होता है।

हमारे तन का योग्य और परमोत्म स्थान है, चोककस है पर जब हम विशुद्ध हो, पवित्र हो, खुद की पहचान हो, हर विचार और क्रिया में निपुणता हो तब।

"Vibrant Pushti"

हमारे शास्त्रों में क्या लिखते है और हम कैसे अर्थ समझते है।

"गंगा दशहरा"

अपनी संस्कृति में सर्वोच्च स्थान।

हर बिंदु से मुक्ति। हर बिंदु अमृत।

हम उन्हें हमारी मान्यता से कैसे कैसे अर्थ में समझते है?

हर सोच का केवल फल में परिवर्तन।

कर्म करते जाव फल की इच्छा न रखो, तो भी वृत्ति।

नहीं नहीं।

"गंगा दशहरा" तो विशुद्धता की विशालता समझनी है।

यह दिन तो श्री मैया पूरे ब्रह्मांड को अपनी सामर्थ्यथता से शुद्ध करती है और सर्वे तत्वों को सिंचित करके अधिक पुरुषार्थ करने उत्कृष्ट करती है।

यही धारणा से हममें उन्हें अपनी अंदर प्रकट करना है। तब ही तो हमारे दोष और अवगुण नष्ट होंगे।

यही "गंगा दशहरा" का माहात्म्य है।

"Vibrant Pushti"

सकारात्मक स्पंदन पुष्टि राधा कृष्ण अंक - प्रथम

"Vibrant Pushti"

Inspiration of vibration creating by experience of

life, environment, real situation and fundamental elements

"Vibrant Pushti"

53, Subhash Park, Sangam Char Rasta

Harni Road, City: Vadodara - 390006

State: Gujarat, Country: India

Email: vibrantpushti@gmail.com

" जय श्री कृष्ण "